

पानी की लाइन डालकर खुली छोड़ीं सड़कें

# बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जुलाई.** दीनदयाल नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18 और 19 में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। ठेकेदार की घोर उदासीनता और लापरवाही के

**ठेकेदार की लापरवाही से वार्ड 18-19 के रहवासी बेहाल**

कारण स्थानीय राहगीर और रहवासी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कई दिन बीत जाने के बाद भी पानी की पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों को दुरुस्त नहीं किया गया है, जिससे पूरा इलाका अब हादसों का सबब बन चुका है।

**खुली छोड़ दी लाइन, सड़कों पर फैला कीचड़ और मलबा-** वार्ड 18 और 19 के मुख्य रास्तों और गलियों में ठेकेदार द्वारा पानी की पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई तो कर दी गई, लेकिन काम खत्म होने के बाद गड्ढों को वैसे ही भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। मिट्टी और मलबे के ढेर सड़कों पर पड़े हैं,



जिससे हल्की सी बारिश या पानी के जुड़ाव से पूरी सड़कें दलदल में तब्दील हो चुकी हैं। हालात इतने बदतर हैं कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

इस अव्यवस्था का सबसे बड़ा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। सड़कों पर फैले कीचड़ और गहरे गड्ढों के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। कई ऑटो और वैन चालकों ने इस रास्ते पर आने से मना कर दिया है, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। परिजनों को डर है कि कहीं कोई बच्चा इन गहरे गड्ढों में गिरकर चोटिल न हो जाए।

### अधिकारियों की चुप्पी, जनता बेहाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस संबंध में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों और वार्ड प्रभारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक सिर्फ कोरे आश्वासन ही मिले हैं। ठेकेदार की इस मनमानी पर कोई लगाम कसने वाला नहीं है।

**हमारा सवाल :** क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? वार्ड 18 और 19 की जनता इस नारकीय जीवन से कब तक जूझेगी, इसका जवाब फिलहाल किसी जिम्मेदार अधिकारी के पास नहीं है।

### रहवासियों की जुबानी : प्रशासन के खिलाफ फूटा आक्रोश

इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। नव भारत से बात करते हुए क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों सरदार विक्की सिंह, एडवोकेट साधना सिंह, विकास श्रीवास्तव, माधौ सिंह जादौन,एन एस धाकड़, रंजीत सिंह ने अपनी पीड़ा साझा की।



'ठेकेदार ने काम के नाम पर पूरी कॉलोनी को बंधक बना दिया है। पाइपलाइन डालकर गड्ढों को खुला छोड़ दिया गया। न तो गाड़ियां बाहर निकल पा रही हैं और न ही बच्चे स्कूल जा पा रहे हैं। अगर जल्द ही इस मलबे को नहीं हटाया गया और सड़क ठीक नहीं की गई, तो हम सभी रहवासी उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।'

**सरदार विक्की सिंह (स्थानीय निवासी) :**



'यह सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही और ठेकेदार की तानाशाही है। न नि के अधिकारियों को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। आए दिन यहां लोग गाड़ियों सहित फिसलकर गिर रहे हैं। हम इस मामले में कानूनी रूप से भी शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो।'

**एडवोकेट साधना सिंह (स्थानीय निवासी) :**

# सिंधिया के दिए समझौता आवेदन पर नहीं हो सकी सुनवाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जुलाई.** न्यायालय में रिकॉर्ड रूम से फाइल नहीं आने के कारण केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा दिए गए समझौता आवेदन पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी और टल गई। समझौता प्रस्ताव में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य और उनकी बुआओं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, मप्र की पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, ऊषा राजे राणा व अन्य के बीच अरबों रुपए की शाही विरासतों के बंटवारे पर अंतिम सहमति बन चुकी है।

तमाम दौर की पारिवारिक बैठकों के बाद समझौते का अंतिम मसौदा तैयार कर लिया गया है, जिस पर अब सिर्फ कानूनी मुहर लगना शेष है। इसके लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से



ग्वालियर जिला न्यायालय में आवेदन भी पेश कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक महा-समझौते के लागू होते ही दिल्ली, मुंबई, पुणे और ग्वालियर की अदालतों में वर्षों से लंबित एक दर्जन से अधिक मुकदमों का हमेशा के लिए पटाक्षेप हो जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, इस समझौते का आधार व्यावहारिक और कड़वाहट को खत्म करने वाला रखा गया है।

गौरतलब है कि सिंधिया राजपरिवार की अधिकांश संपत्तियां सीधे किसी व्यक्ति के नाम न होकर 1970 के दशक से 'सर जयाजीराव ट्रस्ट' और 'कृष्ण माधव ट्रस्ट' जैसी संस्थाओं के अधीन हैं। वहीं, दिल्ली की तीन कोठियों में तीनों बुआएं वसुंधरा, यशोधरा और ऊषा राजे निवास करती हैं। पूर्व के पारिवारिक बंटवारे में माधवराव सिंधिया को मिली 'सिंधिया इंवेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड को वर्तमान में ज्योतिरादित्य संभाल रहे हैं।

### शॉर्ट सर्किट से भड़की आग, मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

ग्वालियर। सिटी सेंटर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की एक डेस्क में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। डेस्क बिजली के तारों और बोर्ड के पास होने के कारण आग ने तेजी से वहां रखे कागजों को चपेट में ले लिया। धुआं उठते देख बैंक अधिकारियों और आम लोगों ने तत्काल अग्निशमन उपकरणों और बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और आग को पूरी तरह बुझाया। डेस्क कंप्यूटर और मुख्य दस्तावेजों से दूर होने के कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

## एक नजर में




### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 250 लोगों ने उठाया लाभ

ग्वालियर. समाज सेवा के अंतर्गत Share India Fincap Pvt. Ltd. और M-Swasth के संयुक्त तत्वावधान में रौसला में एक नि:शुल्क सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर Share India के AVP श्री नितिन कुमार, एरिया मैनेजर श्री अनिल जी और ब्रांच मैनेजर श्री प्रदीप अटल भी उपस्थित रहे। गांव से श्री पूरण जी, श्री इंद्रमणि रघुवंशी, श्री राहुल सहित कई गणमान्य लोग भी शिविर में मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नितिन कुमार ने कहा कि 'स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। Share India सिर्फ वित्तीय विकास ही नहीं, बल्कि समाज के स्वास्थ्य के लिए भी प्रतिबद्ध है।' इस शिविर में M-Swasth की विशेषज्ञ डॉक्टर टीम द्वारा BP, शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में कुल 250 लोगों ने जांच करवाई और उन्हें मुफ्त दवाइयां व स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए M-Swasth की मेडिकल टीम और गाँव के जन समुदाय का सहयोग रहा।

### भारतीय स्टेट बैंक ने ऋण न चुकाने पर वाहन की जप्ती की एवं वाहन के रजिस्ट्रेशन आरटीओ से ब्लैक लिस्ट करवाया

ग्वालियर। जिन ग्राहकों द्वारा भारतीय स्टेट बैंक से वाहन ऋण लिये थे और उनके द्वारा बैंक को समय पर ऋण चुकता नहीं किया गया। बैंक ने कार्रवाई कर उनके वाहनों को जप्त किया है। स्टेट बैंक के अधिकारी ने बताया कि ऋण न चुकाने वाले ग्राहकों के कार के रजिस्ट्रेशन को आरटीओ से ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई भी की जा रही है।



### पर्यावरण को हरा-भरा रखने व भोजन की बर्बादी न करने का बच्चो ने लिया संकल्प

ग्वालियर। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के प्राथमिक विभाग में बुधवार 8 जुलाई को वन महोत्सव एवं सामुदायिक भोजन (कम्युनिटी लंच) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देना था। प्रधानाध्यापिका डॉ. भारती यादव के मार्गदर्शन में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं ने परिसर में पौधरोपण किया और पर्यावरण को हरा-भरा रखने व भोजन की बर्बादी न करने का संकल्प लिया। इसी दौरान बच्चों ने घर से लाया पौष्टिक भोजन आपस में साझा कर कम्युनिटी लंच का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईको क्लब प्रभारी श्रीमती आरती बाथम और माली शिशुपाल का विशेष योगदान रहा।

### सीएससी कार्यशाला : 'अटल ग्राम सेवा' और 'टेली-लॉ' से सशक्त होंगे ग्रामीण, मिलेगी मुफ्त कानूनी सलाह



ग्वालियर। आम जनमानस तक सरकारी योजनाओं की पहुंच को सुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए ग्वालियर में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सीएससी के जिला प्रबंधक राघव गुप्ता ने जिले के लगभग 30-40 विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर्स को 'अटल ग्राम सेवा योजना' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला प्रबंधक राघव गुप्ता ने बताया कि इस योजना के माध्यम से वीएलई अपने-अपने गांवों में डिजिटल और सरकारी सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। कार्यक्रम में मौजूद पैनल लॉयर एडवोकेट आलेख शर्मा ने बताया कि समाज का कोई भी व्यक्ति, विशेषकर आर्थिक या सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग, इस योजना के तहत मुफ्त में कानूनी विशेषज्ञों की सलाह ले सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कानूनी शिक्षा के अभाव को दूर करना और भ्रांतियों को मिटाना है, ताकि हर नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सके। ?इस कार्यशाला में ग्वालियर जिले के 30-40 विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर्स, सीएससी के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

# क्षेत्रीय संचालक को राष्ट्रीय परशुराम सेना ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जुलाई.** जिला अस्पताल मुरार के पूर्व सिविल सर्जन के कार्यकाल के दौरान हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं

**पूर्व सिविल सर्जन के खिलाफ जांच की मांग**

और अन्य मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रीय परशुराम सेना ने मोर्चा खोल दिया है।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रभारी नरेंद्र पाराशर तथा राष्ट्रीय सहसंयोजक संदीप तिवारी ने इस संबंध में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्रीय संचालक अमित सक्सेना को एक ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय परशुराम सेना ने चेतावनी दी है कि यदि पूर्व सिविल सर्जन के पूरे कार्यकाल की निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा। इस संबंध में दिल्ली और प्रदेश स्तर का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिला कलेक्टर और स्वास्थ्य आयुक्त (भोपाल) से मुलाकात करेगा। मांगें पूरी न होने या मामले को दबाने का प्रयास किए जाने पर संगठन ने सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# मुरार में सड़क के गड्ढों और ट्रैफिक जाम से जनता परेशान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जुलाई.** मानसून के प्रभावी होते ही मुरार के कई क्षेत्रों में खराब सड़कों और ट्रैफिक जैसी समस्या देखने को मिल रही है। मुरार में आने-जाने के कई मुख्य मार्गों और गली मोहल्लों की सड़कों पर गड्ढे है जिनमें बारिश का पानी भर गया है जिसके चलते सड़कों से निकलने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर खराब सड़कों से क्षेत्र के कई मार्गों पर आए दिन ट्रैफिक जाम लगा रहता है। सड़कों की यह स्थिति देखकर लोग नगर निगम के सड़क बनाने और मरम्मत की क्वालिटी पर कई सवाल उठा रहे है। लोगो का कहना है कि सड़कों पर कई सारे गड्ढे है



जिनमें बारिश के समय पानी भर जाता है जिससे सड़कों पर चलते वक्त दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही बड़े वाहन इन गड्ढों में फंस जाते है जिसकी वजह से कई बार जगह जगह लंबे जाम लग जाते है। बता दे कि जिला प्रशासन कई बार ग्वालियर को गड्ढा मुक्त बनाने और लोगों को अच्छी सड़के देने के दावे कर चुका है लेकिन शहर के मुरार क्षेत्र की सड़के तो कुछ और ही जमीनी हकीकत बयां करती हुई नजर आ रही है। हर साल नगर निगम के बजट में करोड़ों रुपए के सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों को मंजूरी मिलती है और सड़क निर्माण से जुड़ी हुई कई योजनाएं भी बनाई जाती है लेकिन मुरार की सड़कों की मौजूदा स्थिति को देखकर तो यही लगता है कि नगर निगम सही ढंग से अपने काम करने में असमर्थ है।

**इनका कहना है**

आए दिन गड्ढों की वजह से सड़कों से गाड़ी निकालने में दिक्कत होती है और अब तो बारिश की वजह से इन गड्ढों में पानी भी भर जाता है जिससे यह समझ ही नहीं आता कि गड्ढा कितना गहरा है। इस वजह से आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है।

**- मोनू झा**

गड्ढों की वजह से हर रोज सड़कों पर लम्बा जाम लगा रहता है और ऑफिस जाने में देर होती है।

**- संस्कृति शर्मा**

# व्हाईट ने अध्यक्ष और क्रियेटिव ने सचिव पद पर लगाया जोर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जुलाई.** मप्र चेंबर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के चुनावों में व्हाईट हाउस और क्रियेटिव हाउस के रणनीतिकार अब अपने अपने खास प्रत्याशियों को जिताने की जोड़तोड़ में लगे है। व्हाईट हाउस का जोर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पर ज्यादा है। उन्होंने अन्य प्रत्याशियों को रामभरोसे छोड़ दिया है। वहीं क्रियेटिव हाउस ने सचिव प्रत्याशी डा. राकेश अग्रवाल पर सारी शक्ति लगा दी है।

क्रियेटिव हाउस के लोगों को लग रहा है कि सचिव पद भी आसानी से अपने कब्जे में लाया जा सकता है। इसी कारण राकेश अग्रवाल रोम भी अब सचिव पद को ज्यादा आसान मान रहे हैं। उनका मानना है कि वह ऐसे प्रत्याशी है जो हमेशा व्यापारियों के बीच में रहते है और सुख दुख में हमेशा उनके साथ सबसे पहले खड़े होते हैं। राकेश अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ समाज के दो बड़े कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन महानाटय और धरोहर का आयोजन करके समाज में एक नई एकजुटता का संदेश दिया है और अब वह आगे भी ऐसे आयोजन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह चेंबर को कागजी कार्रवाई से अलग डिजीटल प्लेटफार्म का स्वरूप देंगे और उनकी कोशिश होगी कि जो बड़े उद्योग आ रहे हैं उनकी छोटी सहयोगी यूनिट हमारे चेंबर के व्यापारी सबसे पहले लगाये। इसके लिये वह मार्गदर्शन भी देंगे और समुचित मदद का प्लेटफार्म भी बनायेंगे।

### डा. विनोद जैन के लिये डॉ वीरेंद्र गंगवाल ने व्यापारियों से समर्थन मांगा



व्हाइट हाउस से संयुक्त अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉ विनोद जैन ने चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गंगवाल के नेतृत्व में दौलत गंज क्षेत्र से अपना सघन जनसंपर्क प्रारंभ किया। इस अवसर पर डॉ वीरेंद्र गंगवाल ने डॉ विनोद जैन को जिताने की अपील की। डॉ वीरेंद्र गंगवाल ने व्यापारियों से कहा कि व्हाइट हाउस ने डॉक्टर विनोद जैन को बहुत सोच समझकर टिकट दिया है। डॉक्टर जैन काफी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं एवं समाज के प्रति और व्यापारियों के प्रति हमेशा तैयार रहते हैं। वही व्यापारियों द्वारा गंगवाल एवं प्रत्याशी विनोद जैन का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

### सूने घर में ताले चटकाए

**ग्वालियर।** जनकगंज थाना क्षेत्र के संजय नगर (मूलादास की खो) में रहने वाले 50 वर्षीय दशरथ सिंह कुशवाह के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। 6 जुलाई को पीड़ित परिवार सहित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया था। जब वे वापस लौटे तो घर के ताले टूटे और सामान अस्त-व्यस्त मिला। चोर घर से 75 हजार नकद और सोने-चांदी के कीमती आभूषण (लौंग, टॉप्स, पेंडल, करधनी, बिछिया) समेट ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# बदला मौसम का मिजाज, गरज-चमक के साथ हुई बारिश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जुलाई.** शहर और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदली। सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा और दिनभर गरज-चमक के साथ बारिश का दौर देखने को मिला। इस मानसूनी बारिश से शहरवासियों को उमस और भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, आज गुरुवार को भी दिन में बारिश होने की संभावना बताई गई है करीब



बारिश के चलते आज तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे पूरा शहर खुशनुमा माहौल में सराबोर नजर आया। सुबह से लेकर शाम तक के तापमान का ब्यौरा इस प्रकार रहा सुबह का न्यूनतम तापमान: 27 डिग्री से. दर्ज किया गया ।दोपहर का अधिकतम तापमान बादलों और बारिश के प्रभाव से यह 30डिग्री से. से ऊपर नहीं जा सका। शाम/रात का वर्तमान तापमान: हल्की बारिश के बीच वर्तमान में पारा 28एष्ट पर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, हवा में आर्द्रता (ह्यूमिडिटी) का स्तर 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है। गुरुवार रात में भी करीब 50 प्रतिशत तक हल्की बारिश होने के आसार जताए गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में तापमान में और भी आंशिक कमी देखने को मिल सकती है।

### लार्वा मिलने एवं गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

**ग्वालियर 8 जुलाई.** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों एवं घरों में लार्वा मिलने पर निगम द्वारा निरंतर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी गौरव सेन एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रोहित यादव के निर्देशन में वार्ड 21 नारायण विहार कॉलोनी में लार्वा पाए जाने पर 200 रूपये जुर्माना किया गया।

# ग्वालियर बैडमिंटन अकादमी की खिलाड़ी गौरांशी शर्मा अंतराष्ट्रीय मंच पर करेंगी भारत का प्रतिनिधत्व

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 8 जुलाई.** मध्यप्रदेश राज्य बैडमिंटन अकादमी की होनहार खिलाड़ी गौरांशी शर्मा का चयन मलेशिया एशिया पैसिफिक डीफ बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गौरांशी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए नज़र आएगी। वह इससे पहले भी कई अंतराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओ का हिस्सा रह चुकी है और देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी है। गौरांशी ग्वालियर बैडमिटन



अकादमी की खिलाडी रह चुकी है। गौरांशी की यह उपलब्धि उनकी निरंतर की गई मेहनत और अनुशासन का ही परिणाम है। बोलने और सुनने में दिव्यांगता होने के बावजूद 18 वर्षीय गौरांशी शर्मा ने एक सफल बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। गौरांशी की यह उपलब्धि प्रदेश के उन सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों और विशेष रूप से प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा है जो अपनी मेहनत के दम पर कुछ बड़ा हासिल करने पर यकीन रखते है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर गौरांशी का भारतीय टीम में चयन होना मध्यप्रदेश में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुगम प्रशिक्षण व्यवस्थाओ और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर किए जाने वाले प्रयासों का ही फल है।

### कब और कहां आयोजित होगी प्रतियोगिता

मलेशिया एशिया पैसिफिक डीफ बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 मलेशिया के पेनांग शहर में 3 से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में अलग अलग देशो के खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचेंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गौरांशी शर्मा को भारतीय टीम में चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि गौरांशी मलेशिया में आयोजित होने वाली बैडमिंटन चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगी।




